नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

---

## हिंदी विश्वविद्यालय में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम

वर्धा, दि. 14 अक्टूबर 2018 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के तीसरे दीक्षांत समारोह के अवसर पर दि 15 अक्टूबर को अनुवाद एवं निर्वचन विद्यापीठ भवन के प्रांगण में महावीर प्रसाद द्विवेदी सभा मंडप में 'रंग संगीत' सांस्कृतिक संध्या का आयोजन सायं 6.30 से 8.30 बजे तक किया जा रहा है। इस दौरान 'युगांधर' नाटक की प्रस्तुति की जाएगी जिसका निर्देशन डॉ. दीपाली धोंगे तथा संयोजक डॉ. सतीश पावडे ने किया। नृत्य का निर्देशन दीपाली पांडे तथा संयोजन डॉ. अप्रमेय मिश्र करेंगे। गायन का निर्देशन विजया सिंह ने करेंगी। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य तथा विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मी द्वारा म्यूजिकल बैण्ड की प्रस्तुति भी इस अवसर पर की जाएगी। कार्यक्रम का मंच संचालन स्त्री अध्ययन विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. अवंतिका शुक्ला, डॉ. अप्रमेय मिश्र, डॉ. सुहासिनी वाजपेयी तथा डॉ. अश्विनी कुमार सिंह करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक प्रदर्शनकारी कला विभाग के प्रभारी अध्यक्ष डॉ. सतीश पावडे तथा सह-संयोजक डॉ. अप्रमेय मिश्र होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उपस्थित रहने का आह्वान विश्वविद्यालय की ओर से किया गया है।